**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 5567**
**26.07.2019 को उत्तर के लिए**

**मीनाचिल नदी की सफाई**

**5567. श्री थोमस चाज़िकाडन:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 2014 के बाद से, कोट्टायम में मीनाचिल नदी की सफाई के लिए केरल की राज्य सरकार को कोई सहायता प्रदान की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कुल आवंटित निधियों और ऐसी निधियों के उपयोग का प्रतिशत में ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने मीनाचिल नदी के संरक्षण में सहायता करने के लिए कदम उठाए हैं, क्योंकि यह कोट्टायम के लिए पानी का एक महत्वपूर्ण स्रोत है और समृद्ध वनस्पतियों और जीवों का एक स्रोत है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

(क) से (ड.) यह मंत्रालय राज्य सरकारों को अशोधित मलजल के अंतरावरोध और अपवर्तन, मलजल निकासी के लिए नालों के निर्माण, मलजल शोधन संयंत्रों की सुथापना, कम लागत की सुवच्छता सुविधाओं के सृजन, काष्ठ आधारित उन्नत शवदाहगृहों के निर्माण, नदी तटाग्रों/स्नानघाटों के विकास आदि से संबंधित कार्यों को आंरभ करने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करता है। विभिन्न नदियों के किनारे स्थित शहरों में प्रदूषण उपशमन कार्य आरंभ करने हेतु समय-समय पर राज्य सरकारों से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होते हैं, और उन प्रस्तावों पर योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप होने, प्रदूषण की स्थिति, प्राथमिकता निर्धारण, स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा किए गए मूल्यांकन और योजना निधियों की उपलब्धता के अधीन राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना (एनआरसीपी) के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु विचार किया जाता है। मीनाचिल नदी के संबंध में, केरल सरकार से कोट्टायम शहर में मीनाचिल नदी के प्रदूषण के उपशमन हेतु एनआरसीपी के तहत वित्तीय सहायता के लिए अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****